# मंडला जिले में शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं : मंत्री संपतिया उईके

## मंत्री उईके ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपत्तियां उईके ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षकों और पालकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लिए आज के बच्चे कल का भविष्य बनेंगे। प्रदेश सरकार के द्वारा इनकी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का पूरा पूरा प्रबंध किया गया है, यही वजह है कि हमारे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगे बढ़ रहे हैं। मंडला जिले के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके रविवार को जिला योजना भवन मंडला में आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत

के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, श्री सचिन शर्मा और सुश्री शशि पटेल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर सुहानी चक्रवर्ती, विनय झरिया, ज्ञानेश्वरी मरकाम, सुरभि पटेल, शांति बाई, काव्या गुप्ता और डॉ. श्री गौतम को सम्मानित किया।

मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, इससे मंडला जिले में शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि सभी माता-पिता अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं जिससे वह हमारे देश के लिए एक सफल नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि समाज में बेटा और बेटियों में भेद न करें बेटों की तरह बेटियों को भी खूब बढ़ाएं। बेटियां जब शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होता है पहला उसका मायका और दूसरा उसका ससुराल। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की है, जिसका लाभ किसान विद्यार्थी महिला वृद्ध विद्यार्थी सहित सभी हितग्राहियों को मिल रहा है। उन्होंने इस अवसर पर जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए कहा कि वर्षाकाल में खेत का पानी खेत में, गली का पानी गली में और घर का पानी घर में रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना का भव्य समारोह, जल योद्धाओं का सम्मान

**मंडला, देशबन्धु।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना (च्डझैल् 2.0) के तहत परियोजना क्रमांक 1, जनपद पंचायत निवास, जिला मंडला में चल रहे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह सरसवाही रोड, सिंगपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शनिवार 22 मार्च को विश्व जल दिवस के इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक चौन सिंह वरकड़े, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मरावी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते, जनपद उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी, जनपद सदस्य क्रांति सिंह मार्को,

श्रीमती अंजनी वरकड़े और बस्तरी, कटंगसिवनी, मेहरा सिवनी, मोहपानी, पिपरिया, सरसवाही, सिंगपुर सरपंच एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई, जिसके पश्चात माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। उपस्थित माननीय सदस्यों ने मंच से ''पानी रोको अभियान'' में सभी ग्रामवासियों को सक्रिय रूप से जुड़ने का संदेश दिया और इसके महत्व एवं लाभों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला परियोजना अधिकारी श्री उमेश कुमार सिंगरौरे द्वारा किया गया। समापन समारोह के अंत में वृक्षारोपण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था। इसके साथ ही, वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओं को उनकी उल्लेखनीय योगदान के लिए शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष पर भारतीय जनता पार्टी बिछिया विधानसभा के प्रत्याशी रहे डॉ. विजय आनंद मरावी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के कार्यक्रम का आयोजन रामलीला मैदान बिछिया के विनोद रंगमंच में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, मां सरस्वती की प्रतिमा में पूजन अर्चन कर एवं अटल जी के तैल चित्र में माल्यार्पण कर उनको याद करते हुए , नमन करते हुए उनकी सकारात्मक और साहसपूर्ण कविताओं की पंक्तियों से हुई ।

ओरछा से आए हुए कवि सुमित ओरछा (सबरस), कवियित्री वेद ऋचा माथुर (श्रृंगार रस), कवि देवेंद्र वैष्णव (हास्य रस) ने सभी रसों से परिपूर्ण अपनी कविताओं से बिछिया क्षेत्र के जनमानस का दिल जीत लिया और सम्माननीय कवियों के द्वारा वीर रस , श्रृंगार रस, सब रस से भरी वीरता, राष्ट्रभक्ति और साहस से भर देनी वाली कविताओं की प्रस्तुतियां दी गई । क्षैत्रिय कवि भयंकर बोस अद्भुत संयासी ने भी काव्य पाठ किया। संचालन बलरामपुरी गोस्वामी ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ विजय आनंद मरावी ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा , जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, मंडी बोर्ड के पूर्व विशेषज्ञ सुनील नामदेव, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र रावत , भाजपा नेता जय दत्त झा , जिला उपाध्यक्ष अशोक नानकानी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी, विनय मिश्रा, अमरजीत सिंह चौहान, वीरन उइके, वरिष्ठ जन, मातृ शक्तियों , युवा साथियों एवं समस्त नागरिक बंधु शामिल हुए ।

### घर से चल रहा पंचायत का काम

**मंडला, देशबन्धु।।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में ग्राम पंचायत में मनमानी चल रही है और रोजगार सहायक और सचिव मुख्यालय में नहीं रह रहे अप डाउन कर रहे हैं और सरपंच रोजगार सहायक सचिव नियमित रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं पंचायत का काम घर से चल रहा है पंचायत की सारी सामग्री रोजगार सहायकों के घर में रखी हुई है फर्जी ठेकेदार पंचायत का काम कर रहे हैं जिन कामों को पंचायत को करना चाहिए उन कामों को ठेकेदार कर रहे हैं पंचायत में जल संरक्षण के काम पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जल स्त्रोतों की साफसफाई मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है मनरेगा के काम व्यापक स्तर पर नहीं हो रहे हैं साफसफाई का अभाव पंचायत में बना हुआ है ग्राम पंचायत के कार्यालय नियमित नहीं खुल रहे हैं इस तरह की लापरवाही संपूर्ण मंडला जिले में चल रही है जन अपेक्षा है तत्काल विषय पर ध्यान दिया जाए

### आयुर्वेदिक अस्पतालों में गोलमाल

**मंडला, देशबन्धु।।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में आयुर्वेदिक अस्पतालों पर लोग संदेह जाता रहे हैं लोगों का मानना है कि इन अस्पतालों में उपचार के लिए लोग काम जाते हैं फिर शासन से मिलने वाली दवाइयां कहां गायब हो रही है यह जांच का विषय हो जाने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है ग्राम डिठौरी तहसील नैनपुर जिला मंडला मध्य प्रदेश में संचालित आयुर्वेदिक अस्पताल का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है लोग चाह रहे हैं कि यहां पर प्रति माह आकस्मिक जांच पड़ताल की जाए यहां पर मरीज कम आते हैं और दवाइयां कहां गायब हो रही है इसकी जांच जरूरी हो गई है तत्काल सभी आयुर्वेदिक अस्पतालों की जांच पड़ताल मंडला जिले में की जाए ऐसी जान अपेक्षा है।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर सरकार मेहरबान

**मंडला, देशबन्धु।।** झोलाछाप डॉक्टरों पर मध्य प्रदेश के मंडला जिले में परिणामकारी कार्रवाई नहीं की जा रही है परिणाम स्वरूप जिले में जहां देखो वहां खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टर सरेआम इलाज के नाम पर लूट कर रहे हैं इनके पास जो भी डिप्लोमा होता है उसके अनुसार इनके द्वारा उपचार नहीं किया जा रहा है ज्यादातर एलोपैथी चिकित्सा पद्धति से ज्यादा उपचार इनके द्वारा किए जाने की खबर मिल रही है इनका डिप्लोमा सही रहता है या नहीं इस बात की भी जांच नहीं की जा रही है मध्य प्रदेश के मंडला जिले मैं जहां देखो वहां झोलाछाप डॉक्टर उपचार कर रहे हैं इन पर किन का संरक्षण है यह लोग भली भांति जान रहे हैं शासन प्रशासन के संरक्षण में झोलाछाप डॉक्टर उपचार कर रहे हैं जिससे नागरिकों में नाराजगी व्याप्त है नागरिकों की मांग है कि तत्काल सभी झोलाछाप डॉक्टरों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए और इनका लूट का कारोबार बंद कराया जाए।

# रात्रि में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों ने क्षेत्र और थानों का किया सरप्राइज विजिट

## एसपी-एएसपी ने थाना कोतवाली, महाराजपुर और समस्त एसडीओपी ने किया औचक निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त थानों का पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। गत मध्यरात्री में मंडला पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अनुविभाग के थाना व क्षेत्र में पहुँचकर औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर थाना कोतवाली व महाराजपुर का देर रात औचक निरीक्षण किया गया। सरप्राइज विजिट में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, बंदीगृह, मालखाने, रिकॉर्ड रूम, जरायम, रजिस्टर एवं थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री जैसे बॉडीगार्ड, हेलमेट एवं थाना में लगे डिस्प्ले आदि को भी चेक कर ड्यूटी पर उपस्थित थाने के अधिकारी एवं कर्मचारियों से चर्चा करते हुए थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार मंडला के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा अनुविभाग अंतर्गत थाना का देर रात औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं व्हीसीएनबी रजिस्टर की जांच, प्रणाली का अवलोकन, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, ऐप का उपयोग, डिजिटल समन्स निष्पादन, हिस्ट्री शीट की समीक्षा, थाना परिसर की सफाई एवं रिकॉर्ड प्रबंधन, माइक्रो बीट प्रणाली का निरीक्षण किया गया।पुलिस की सुलभ उपलब्धता, सक्षम व त्वरित सेवा उपलब्ध कराना है।

# कान्हा के किंगफिशर, कृष्णा जंगल और स्टर्लिंग रिसॉर्ट पर छापामारी

**मंडला, देशबन्धु।** खाद्य विभाग तथा फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ग्राम मोचा में रिसोर्ट्स पर छापा मारा। इस दौरान कान्हा के किंगफिशर, कृष्णा जंगल और स्टर्लिंग कान्हा रिसोर्ट से अमानक खाद्य पदार्थों को जप्त किया गया और नमूने भी लिए गए। किंगफिशर रिसॉर्ट से अमानक बेसन 20.5 किलोग्राम जप्त किया गया, इसके साथ-साथ खाद्य तेल और बेसन के सैंपल भी लिए। इसी तरह कृष्णा जंगल रिसॉर्ट में खराब छोले और मांस पाया गया जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। कृष्णा और स्टर्लिंग रिसोर्ट्स में रखे मैदा और ब्रेड के पैकेट्स में पैकेजिंग व एक्सपायरी डेट्स नहीं पाई गई।

# कान्हा के मोगली रिसोर्ट से अवैध गैस सिलेंडर जब्त

**मंडला, देशबन्धु।** शनिवार को खाद्य विभाग तथा फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ग्राम मोचा के रिसॉर्ट पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मोचा के मोगली रिसॉर्ट में अलग-अलग वजन के 4 नग अवैध गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इसके संबंध में रिसॉर्ट संचालक के पास कोई गैस कार्ड उपलब्ध नहीं था। अवैध रूप से रखे गैस सिलेंडर को जप्त किया गया और रिसॉर्ट के संचालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही रिसॉर्ट के किचन से मैदे के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

# चर्चा में कार्यालय कलेक्टर शाखा

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है आवेदन पत्रों पर सही कार्रवाई नहीं हो पा रही है खासकर जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम और सीएम हेल्पलाइन में दिए गए आवेदन पत्र या शिकायतों के निराकरण में सिर्फ गोलमाल किया जा रहा है इस तरह की चर्चा संपूर्ण मंडला जिले में चल रही है इस समय चर्चा का केंद्र कलेक्टर कार्यालय की शाखा बना हुआ है कलेक्टर शाखा में दिए गए आवेदन पत्रों का निराकरण हो रहा है कि नहीं इस बात की जानकारी आवेदकों को नहीं मिल पा रही है बताया जा रहा है कि कलेक्टर कार्यालय स्थित आवेदन पत्र लेने वाली शाखा में आवेदन पत्र तो लिए जा रहे हैं आवेदन पत्र की पावती भी सील लगाकर दी जा रही है लेकिन निराकरण का पता आवेदन पत्र देने के बाद नहीं चल पा रहा है बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश के मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा के कुछ नागरिकों द्वारा कलेक्टर कार्यालय की आवेदन पत्र की शाखा में आवेदन पत्र दिए गए हैं खासकर जनकल्याण शिविर में दिए गए आवेदन पत्रों के निराकरण के संबंध में आवेदन पत्र दिए गए हैं जिनमें निराकरण में विलंब दिखाई दे रहा है लोग आशंका का जता रहे हैं कि यहां पर सिर्फआवेदन पत्र लिए जाते हैं आवेदन पत्रों का सही निराकरण नहीं हो पा रहा है जन अपेक्षा है इस कार्यालय की शाखा को जन उपयोगी बनाया जाए।

# मोचा के सेलिब्रेशन होटल से शराब जब्त

**मंडला, देशबन्धु।** खाद्य विभाग, आबकारी विभाग तथा फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ग्राम मोचा के सेलिब्रेशन होटल की जांच की। होटल के किचन में बेसन और आइसक्रीम के पैकेट्स पर पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट्स नहीं पाई गई। साथ ही शराब की 9 बोतलें भी मिली, जिनमें 4 बोतलें सीलबंद, 4 बोतलें आंशिक खुली तथा 1 बीयर की बोतल पाई गई। इसके संबंध में रिसॉर्ट संचालक के पास कोई अनुमति ध् लाइसेंस नहीं था। अवैध रूप से रखी उक्त शराब को जप्त किया गया और रिसॉर्ट के संचालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# मंडला जिले में समस्याएं बेहिसाब, नागरिक परेशान

## बेहोशी में जवाबदार

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में समस्याओं का साम्राज्य स्थापित हो गया है नेता और नौकरशाहों की लापरवाही की वजह से इस जिले में दिनों दिन समस्याएं बढ़ती जा रही है जन समस्याओं के निराकरण के लिए अभियान तो चलाए जा रहे हैं इसके बावजूद समस्याओं का निराकरण इस जिले में संभव नहीं हो पा रहा है ढेर सारी समस्याएं इस जिले में मौजूद हैं जिन्हें सुलझाने के लिए शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है मध्य प्रदेश के मंडला जिले में सड़कों की हालत खस्ता हो गई है नई सड़कों का निर्माण नहीं किया जा रहा है पुरानी सड़कों के मरम्मत काम में भी सही तरीके से ध्यान नहीं दिया जा रहा है थोड़ी बहुत मरम्मत की औपचारिकता पूरी की जा रही है जो पर्याप्त नहीं मानी जा रही है जहां देखो वहां इस जिले में सड़कों की हालत खस्ता हो गई है सरकारी भवनों की हालत भी बेहद खराब हो गई है सभी सरकारी भवन की मरम्मत व रंग रोगन नहीं की जा रही है जल स्त्रोतों की साफ सफाई व मरम्मत इत्यादि का काम नहीं किया जा रहा है सभी शासकीय कूप की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है पुराने तालाबों का गहरीकरण नहीं किया जा रहा है।

नए तालाबों का निर्माण नहीं किया जा रहा है जल संरक्षण के कार्य व्यापक स्तर पर नहीं किया जा रहे हैं प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है नए आवासों की स्वीकृति नहीं मिल पा रही है प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भारी गड़बड़ी को रोकानहीं जा रहा है स्वच्छ भारत मिशन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है इस जिले को फर्जी तरीके से कागज में ओडीएफ घोषित कर दिया गया है लेकिन हकीकत सभी को पता है आज भी इस जिले में ओडीएफ की जरूरत है शौचायलयों के निर्माण में गड़बड़ी की जा रही है पुराने शौचायलयों की मरम्मत व शौचालय का निर्माण नहीं कराया जा रहा है पटवारी द्वारा राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है राजस्व संबंधी समस्याएं संपूर्ण मंडला जिले में दिनों दिन बढ़ती जा रही है तहसील के राजस्व कार्यालय को सक्रिय नहीं किया जा रहा है ढेर सारे प्रकरण इन कार्यालय में निराकरण की रास्ताताक रहे हैं।

पटवारी मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ प्रदान करने के लिए राजस्व विभाग द्वारा प्रत्येक ग्रामों में जाकर पंजीयन नहीं किया जा रहा है पटवारी गायब रह रहे हैं और राजस्व निरीक्षक मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं इसी तरह जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी की जा रही है सिंचाई के साधन इस जिले में पर्याप्त नहीं है पानी की समस्या इस जिले में सुलझ नहीं पा रही है छोटे बड़े जलाशयों का निर्माण नहीं किया जा रहा है नर्मदा किनारे विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है साक्षर भारत मिशन के शिक्षा प्रेरकों को कोई काम नहीं दिया जा रहा है यह सभी प्रेरक बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को इस समय अब स्कूलों में कार्यरत नहीं है लेकिन काफी लंबे समय तक स्कूलों में अपनी सेवाएं दी हैं और पात्रता परीक्षा पास हैं उनका नियमित करने की कार्रवाई शासन प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं मुख्यालय में नहीं रहने वाली एएनएम महिला कार्यकर्ताओं की संख्या अधिक है बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य केंद्र सही संचालित नहीं हो रहे हैं हैं स्वास्थ्य केदो में दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं आंगनबाड़ी केदो में संचालित आरोग्य केंद्र ठप पड़े हुए हैं।